समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अहमदाबाद विमान हादसा : एयर इंडिया ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर, जानिए कैसे ले अपनों की जानकारी।

Publisher

Published on 12 Jun 2025



## Air India की फ्लाइट क्रैश के बाद जारी किए गए आपातकालीन नंबर, परिजन यहां कर सकते है संपर्क।

**अहमदाबाद, 12 जून 2025:** गुजरात के **अहमदाबाद** में गुरुवार को हुआ **विमान हादसा देशभर मे चिंता का विषय** बन गया है। **एयर इंडिया की फ्लाइट AI171**, जो अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुई थी, **एयरपोर्ट** से थोड़ी दूरी पर डॉक्टर्स हॉस्टल पर गिर गई। इस भीषण हादसे के बाद अब **एयर इंडिया** ने यात्रियों के परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए हैं।

**एयर इंडिया हेल्पलाइन नंबर**
एयर इंडिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि यात्रियों और उनके परिजनों को जानकारी देने के लिए **पैसेंजर हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444** जारी किया गया है। इसके अलावा **नागरिक उड्डयन मंत्रालय** और **अहमदाबाद पुलिस** ने भी सहायता नंबर साझा किए हैं:

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय कंट्रोल रूम :**
**011-24610843**
**9650391859**

**अहमदाबाद पुलिस आपातकालीन नंबर :**
**079-25620359**

**फ्लाइट मे थे 242 यात्री**

फ्लाइट AI171 में कुल **242 लोग सवार** थे, जिनमें **230 यात्री** और **12 क्रू सदस्य** शामिल थे। एयर इंडिया की जानकारी के अनुसार इनमें से:

१. **169 भारतीय नागरिक**
२. **53 ब्रिटिश नागरिक**
३. **1 कनाडाई नागरिक**
४. **7 पुर्तगाली नागरिक**

शामिल थे। हादसे के बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**पुलिस और एजेंसियों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

अहमदाबाद के एक **वरिष्ठ पुलिस अधिकारी** ने बताया कि, "हमें सूचना मिली कि एयर इंडिया का विमान डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरा है। 2-3 मिनट में पुलिस और NDRF टीमें पहुंच गईं। करीब 70-80% क्षेत्र क्लियर किया जा चुका है और घायलों को निकालने का कार्य जारी है। इलाके को ग्रीन कॉरिडोर में बदला जा रहा है।"

**अपडेट्स के लिए कहां संपर्क करे ?**

एयर इंडिया ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (Twitter)** और अपनी वेबसाइट airindia.com पर लगातार अपडेट देने की बात कही है। यात्रियों के परिजन वहां भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.